## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक निर्वाचन संपन्न होने तक अधिग्रहित

**छिन्दवाड़ा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान के बाद मतदान दलों से शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में सामग्री वापसी के दौरान केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक छिंदवाड़ा में मतदान दलों के ठहरने व अन्य सुलभ व्यवस्थाओं के लिये लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक छिंदवाड़ा को निर्वाचन संपन्न होने तक अधिग्रहित करने के आदेश जारी किये गये हैं । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं ।

### कैम्पस एंबेसेडर कुमरे ने बुजुर्गो को किया जागरूक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह और जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गनिर्देशन में जिले में स्वीप कैलेण्डर के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में प्राचार्य श्रीमती अजरा एजाज खान और स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री पूनम उसरेठे के मार्गदर्शन में छात्रा एवं कैम्पस एंबेसेडर सुश्री शिवानी कुमरे द्वारा नवयुवकों को मतदान के लिए जागरूक किया गया और फॉर्म- 6 से अवगत कराते हुये 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदान के लिए प्रेरित किया गया । उन्होंने ग्रामीण बुजुर्गो को भी जागरूक करते हुये व शपथ दिलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदान के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड सहित अन्य 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान केन्द्र पर ले जाकर मतदान करने की समझाईश दी। इसी प्रकार दानियलसन महाविद्यालय छिंदवाड़ा के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर पीले चावल बांटकर मतदाताओं को मतदान के लिए निमंत्रण दिया ।

## छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिलों के 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की सभी तैयारियां पूरी,मतदान दल रवाना

# आज 16 लाख से ज्यादा मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा







कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिलों के 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान के लिये छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिलों में 1939 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं । इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 50 और शेष विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, परासिया व पांढुर्णा में 10-10 इस प्रकार कुल 110 पिंक बूथ बनाये गये हैं । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, चौरई, छिंदवाड़ा, सौंसर व पांढुर्णा में 10-10 और परासिया में 7 इस प्रकार कुल 67 आदर्श मतदान केंद्र बनाये गये हैं, जबकि सभी विधानसभाओं में 100-100 इस प्रकार कुल 700 मिक्स बूथ बनाये गये हैं। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक-243 निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल स्टेट बैंक के सामने छिंदवाड़ा में एक पी.डब्लू.डी.मतदान केंद्र बनाया गया है । इन मतदान केन्द्रों पर 16 लाख 32 हजार 190 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 8 लाख 24 हजार 449 पुरूष, 8 लाख 7 हजार 726 महिला और 15 अन्य मतदाता शामिल हैं । इनमें 85 वर्ष एवं अधिक आयु के 7630 मतदाता और 24246 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। सेवा निर्वाचक मतदाता 2531 हैं। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के अंतर्गत 85 वर्ष एवं अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं में से 1293 ने होम वोटिंग सुविधा का चयन किया था, जिनमें से होम वोटिंग कुल 1272 मतदाता मतदान कर चुके हैं। छिंदवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2131 मतदान दल बनाये गये हैं और मतदान दलों की निगरानी और अन्य व्यवस्थाओं के लिये कुल 247 सेक्टर ऑफिसर व कुल 301 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये हैं । सेक्टर ऑफिसर के लिए 247 और मतदान दलों के लिए 438 इस प्रकार कुल 685 बस एवं फोर व्हीलर वाहनों की व्यवस्था की गई है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 122-जुन्नारदेव में 272 मतदान केन्द्रों में 225356 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 113429 पुरूष, 111924 महिला व 03 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा में 332 मतदान केन्द्रों में 257580 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 129244 पुरूष, 128334 महिला व 02 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 124-चौरई में 272 मतदान केन्द्रों में 219728 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 112053 पुरूष और 107675 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 125-सौंसर में 253 मतदान केन्द्रों में 211081 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 108280 पुरूष व 102801 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 126-छिंदवाड़ा में 311 मतदान केन्द्रों में 284043 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 141477 पुरूष, 142558 महिला व 8 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 127-परासिया में 245 मतदान केन्द्रों में 218999 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 110142 पुरूष, 108856 महिला व 01 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 128-पांढुर्णा में 254 मतदान केन्द्रों में 215403 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 109824 पुरूष व 105578 महिला और 01 अन्य मतदाता शामिल हैं।

## मतदान दलों का तिलक लगाकर और पुष्प माला पहनाकर किया गया स्वागत



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा में मतदान के लिये छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिलों में बनाये गये सभी 1939 मतदान केन्द्रों में मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद मतदान दल मतदान केन्द्रों पर पहुंच गये हैं। इन मतदान दलों के मतदान केन्द्रों में पहुंचने पर तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ देकर और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। कुछ मतदान केन्द्रों में बैंड-बाजों के साथ स्वागत किया गया। मतदान केन्द्रों को अलग-अलग थीम पर आकर्षक ढंग से सजाया गया है और सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, रैंप आदि बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। सभी मतदान दलों ने मतदान केन्द्रों में 19 अप्रैल 2024 के मतदान की सभी व्यवस्थायें पूर्ण कर ली हैं ।

## कलेक्टर ने मतदान दलों को शुभकामनाएं देकर किया रवाना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिये आज मतदान दलों को उत्सव जैसे माहौल में मतदान सामग्री और ईवीएम प्रदाय कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया । विधानसभा छिंदवाड़ा और चौरई के मतदान दलों को शासकीय पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा से मतदान सामग्री और ईवीएम का वितरण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह की मौजूदगी में किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने मतदान दलों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं देकर उन्हें रवाना किया। शेष सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान सामग्री का वितरण विधानसभा मुख्यालय में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण स्थल से किया गया। जुन्नारदेव में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर जुन्नारदेव, अमरवाड़ा में शासकीय मॉडल स्कूल अमरवाड़ा, सौंसर में कृषक विश्राम भवन कृषि उपज मंडी परिसर सौंसर, परासिया में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह और पांढुर्णा में कृषक विश्राम गृह कृषि उपज मंडी परिसर पांढुर्णा में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण स्थल से मतदान सामग्री और ईवीएम प्राप्त कर मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिये रवाना हुये। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान के बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों से मतदान सामग्री और ईवीएम की वापसी शासकीय स्वशासी पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में ही होगी।




## श्री रामजन्म उत्सव में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

### गांधी चौक पर विजेताओं को किया गया पुरूस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

मर्यादा पुरुषोत्तम का जन्म उत्सव कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।शाम को निकली शोभायात्रा में हजारों के तादाद में श्री रामभक्तों ने नाचते गाते जय श्री राम का जय घोष करते हुए नगर भर्मण किया।शोभायात्रा में रामजी की निकली सयारी, रामजी की लीला है न्यारी.. हे राम. हे राम... सजा दो द्वार को गुलशन सा मेरे सरकार आये है...गीत पर राम भक्त नाचते हुए नजर आए।श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 6 चल एवं 4 स्थाई झाकियों का प्रदर्शन किया। कबीर बनुकर सोसायटी परिसर में सौ रेखाताई कंटक हस्ते पुजन कर निकली शोभायात्रा का शुभारभ किया गया।इस दौरान विधायक विजय रेवनाथ चौरे जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा आदि थे।

### गांधी चौक में हुआ पुरस्कारों का वितरण

नगर के गांधी चौक में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में समिति संरक्षक संजय राठी, इंदरचंद जागा अध्यक्ष अजय अढांऊ, पूर्व अध्यक्ष पिटू मानेकर की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। चलित झाकी में प्रथमः समुद्र मंथन (आदित्य पास्सा), द्वितीय मनुष्म के कम (यश हेजाऊ). तूतीम वैकुंठ नारायण, चतुर्थ गोरा के अलावा स्थायी में प्रथम संत दर्शन,द्वितीय गोवर्धन पर्वत आपण अजाऊ एकता पूर्ण, तृतीय शिए , चतुर्थ मार्केश्य पुराण आधारित को पुरस्कृत किया गया।

## सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने मतदाता को जागरुक कर मतदान का दिलाया संकल्प कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह जी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वय श्री अखिलेश जैन जी व विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने जी के कुशल मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विकासखंड जुन्नारदेव के सेक्टर क्रमांक 5 के सभी ग्रामों में सतत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया ग्रामीणों को युवाओं को महिलाओं को प्रेरित कर निष्पक्ष और निडर होकर अपना मतदान करने के लिए जागरूक किया गया व शपथ दिलाई गई। संस्था अध्यक्ष श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा द्वारा कहा गया लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करना जरूरी है वोट डालने के लिए 12 दस्तावेज की जानकारी भी दी गई। चुनाव का पर्व देश का पर्व स्लोगन पर भी काम करना है व मतदान करने की शपथ लेना है। रामपुर ,बाना बेहरा, बिछुआ, चिचोली, उमर डोह ,मलदा मऊ, सिंदरी मऊ कांगड़ा , नून खड़क गोरख घाट, विच बेहरी, सांगा खेड़ा, टेमरू, चरण भाटा ,झोत कला बारू खेड़ा, करंजी, डेहरी, जैसे कई गांव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## छिंदवाड़ा के क्षेत्रों में मतदाताओं को दिलाई शपथ

### मोहखेड़ सहित सभी विकासखंडों में लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गनिर्देशन में नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा की स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं । इसी क्रम में गत दिवस छिंदवाड़ा शहर में शापुरजी पल्लोनजी ग्रुप, मेडिकल कॉलेज के निर्माण श्रमिकों, सब्जी मंडी के स्थानीय फल व सब्जी विक्रेताओं और दीनदयाल पार्क में सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान छिन्दवाड़ा स्वीप आइकॉन एवं अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुश्री विनीता नेटी, दिव्यांग आइकॉन श्री हरिओम विश्वकर्मा, नगरपालिक निगम के प्रभारी सहायक यंत्री श्री विवेक चौहान, सिटी मिशन मैनेजर श्री उमेश प्यासी, प्रभारी राजस्व निरीक्षक श्री पवन सोनी और लगभग 150 श्रमिक व 20 फल और सब्जी विक्रेता उपस्थित थे। इसी प्रकार नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर मतदान के समय उपयोग में आने वाले पहचान के 12 दस्तावेजों की जानकारी भी मतदाताओं को दी जा रही है।

### आदर्श आचरण संहिता के नियमों का पालन नहीं किये जाने पर एक कर्मचारी निलंबित

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के अंतर्गत नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया के सहायक ग्रेड-2 श्री विनोद मिश्रा द्वारा आदर्श आचरण संहिता के दौरान राजनैतिक गतिविधियों में संलिप्तता पाये जाने की शिकायत मिलने पर उन्हें राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परासिया में संलग्न किये जाने के बाद भी आदर्श आचरण संहिता के नियमों का पालन नहीं किये जाने की शिकायत मिलने पर यह कृत्य चुनाव के संबंध में शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और उदासीनता को प्रदर्शित करने के साथ ही आचरण नियमों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में सहायक ग्रेड-2 श्री मिश्रा का मुख्यालय परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय छिंदवाड़ा रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## मिष्ठान पेयजल का मुक्त साल्वे महिला मंडल ने किया वितरण

**सौंसर।** मुक्त साल्वे महिला मंडल एवं अन्नाभाऊ साठे नवयुवक मंडल सौसर की ओर से बाबासाहेब अंबेडकर की 133वींके अवसर पर मिष्ठान एवं पेयजल का वितरण किया गया। संस्था के पदाधिकारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की 133वीं जयंती पर निकली विशाल रैली शोभायात्रा में चल रहा है भीम सैनीको एवं बौद्ध अनुयाइयों के लिए वार्ड नं 11 मेंन रोड पर मिष्ठान वितरण एवं पेयजल वितरण किया।आयोजन में मुक्ता साल्वे महिला मंडल द्वारा समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य हेतु रमाबाई आम्बेड़कर महिला मंडल एवं सुजाता महिला मंडल के सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान चंदू सनेसर, प्रकाश इंगले,सुधीर सनेसर,विलास तेलंगे, डॉ प्रमोद तेलंगे,सागर सनेसर, दीपक तेलंगे, सविता तेलंगे गरिमा तेलंगे,लक्ष्मी निखड़े, इंदिरा सनेसर, वंदना तेलंगे, पंचकूला इंगले, रजनी सनेसर, सुनीता तेलंगे, मंदाबाई सनेसर, महक इंगले, आराध्या तेलंगे, श्रेया सेनसर,आदि थे।



### 10 पिक बूथों पर होगा मतदाताओं का स्वागत, सीआरपीएफ जवान तैनात

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगा सौंसर के 253 बूथों पर मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को सौसर के कृषि उपज मंडी प्रांगण से मतदान दलों के कर्मचारियों को तिलक लगाकरईवीएम मशीनों के साथ में रवाना किया गया।मतदान दलों को रवानगी को लेकर प्रशासन की ओर से यहां पर चाक चौबद व्यवस्थाएं की गई थी। कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः से ही मतदान बूथों के लिए रवाना होने वाले अधिकारी कर्मचारी का आवागमन शुरू हो गया था। मतदान पोलिंग पार्टियों को चुनाव संबंधित सामग्री इव्हिएम मशीनो के साथ में सुबह 10 बजे तक सौसर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली 253 बूथों पर लिए रवाना किया गया। कृषि उपज मंडी प्रांगण से निर्वाचन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शांतिपूर्ण रूप से सौसर में मतदान संपन्न हो इस उदेश को लेकर पुलिस, सीआरपीएफ सीसीटीवी कैमरे की चाकचोबध व्यवस्थाएं की गई है। सौसर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली 253 बूथ पर लगभग 217000 मतदाता शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों का भाग्य तय करेंगे। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बूथों पर 10 विशेष पिंक बुथ बनाए गए हैं। मतदान के प्रति लोग आकर्षित हो इस उद्देश्य को लेकर पिंक बूथ पर विशेष सजावट की गई है। अति संवेदनशील बूथों पर सीआरपीएफ की टीमों के साथ-साथ स्टेट पुलिस पर माइक्रो आब्जर्वर एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी बनाई गई है। सौसर क्षेत्र में शांतिपूर्ण रूप से मतदान हो इसके लिए हर संभव प्रयास सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किए गए हैं।

### बूथों पर तिलक लगाकर कर्मचारियों का किया स्वागत सत्कार

मिली जानकारी के अनुसार सौसर से 253 बूथ के लिए रवाना हुए मतदान दलों कर्मचारियों सुरक्षा कर्मी का मतदान केदो पर पहुंचने के बाद में ग्राम पंचायत कर्मचारी के द्वारा मतदान दलों के कर्मचारियों का तिलक लगाकर माला पहनकर स्वागत सत्कार किया है।

**मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा**

# प्रावधानों के उल्लंघन पर हो सकती है 2 साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा। टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इसमें जनमत सर्वेक्षण और मानक बहस, विश्लेषण, दृश्य और ध्वनि-बाइट्स का प्रदर्शन शामिल होगा। इसमें टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, सिनेमा हॉल में किसी भी चुनावी मामले पर राजनीतिक विज्ञापन, किसी भी मतदान में थोक एसएमएस/वॉयस संदेशों, ऑडियो विजुअल डिस्प्ले का उपयोग आदि भी शामिल है।

आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी ₹चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश₹ की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक ₹स्वैच्छिक आचार संहिता₹ भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस ₹स्वैच्छिक आचार संहिता₹ का पालन किया जाना चाहिए। यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का 20 मार्च, 2019 की ₹स्वैच्छिक आचार संहिता₹ की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, बशर्ते कि राजनीतिक विज्ञापनों की सामग्री पूर्व-प्रमाणित हो। उनके द्वारा राज्य/जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से अनुमोदन लेना होगा।

## चौरई के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमीं के जुलूस में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री जे.के.इडपाचे, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा और विकासखण्ड स्वीप नोडल अधिकारी जनपद शिक्षा केन्द्र चौरई श्री विजय पवार के मार्गदर्शन में आज चौरई विकासखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के जुलूस में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप प्रभारी श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिये ₹चुनाव का पर्व-देश का गर्व₹ कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिये विकासखण्ड चौरई के नगर परिषद चाँद में रामनवमीं की शोभायात्रा में स्वीप प्रभारी श्री मालवीय के नेतृत्व में सर्वश्री चंद्रशेखर अयोधि, चंद्रशेखर मराठा, राजू आरधी व बलराम बरकोरिया द्वारा शोभायात्रा में शामिल बुजुर्ग, महिला व युवा मतदाताओं को 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया गया।

## मतदान केन्द्रों पर कानून व्यवस्था संबंधी हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और व्यय प्रेक्षक श्री भारत रामचंद्र अंधेले और श्री विजेश कुमार टी.जी.की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मतदान केन्द्रों पर कानून व्यवस्था संबंधी बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों से मतदान केन्द्रों पर कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि शेष सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी और नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान सामग्री वितरण व वापसी, मतदान दलों का परिवहन, मतदान केन्द्रों पर पेयजल, छाया, बिजली, भोजन, फर्नीचर, टॉयलेट आदि व्यवस्थायें, महिला व दिव्यांग कर्मियों के लिये विशेष प्रबंधन, वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, कानून एवं व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

### स्ट्रांग रूम को सीलबंद करते समय उपस्थित रहने का अनुरोध

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिन्दवाड़ा का प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को मतदान सम्पन्न होगा और मतदान दलों की मतदान समाप्ति के पश्चात शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में मतदान सामग्री की वापसी होगी। इसके पश्चात संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिन्दवाड़ा के अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों का शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में तैयार स्ट्रांग रूमों में विधानसभावार पृथक-पृथक रूप से सुरक्षित संधारण किया जायेगा और इसके बाद स्ट्रांग रूम को सीलबंद किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिन्दवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन के सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि 19 अप्रैल 2024 को रात्रि मतदान दलों की वापसी के बाद ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों के सुरक्षित संधारण के लिये शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में निर्धारित स्ट्रांग रूमों में रखे जाने के बाद व कार्य समाप्ति के उपरांत स्ट्रांग रूम को सीलबंद करते समय स्वयं या आपके निर्वाचन अभिकर्ता/प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज से कर सकते है मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की बेबसाईट https://voters.eci.gov.in/ से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। जिले में मतदाता की सुविधा और आदर्श मतदान के लिये विधानसभावार पीडब्ल्यूडी मतदान केन्द्र, यूथ मतदान केन्द्र व पिंक मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जिसमें सभी वर्गों को समाहित करने का प्रयास किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित मतदान केन्द्रों का विस्तृत प्रचार-प्रसार करने के साथ ही मतदाता को मतदान के लिये उपयोगी दस्तावेजों से अवगत कराने के लिये विशेष अभियान चलायें जिससे मतदान के प्रतिशत मे वृध्दि हो सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने के संबंध में मतदाता की पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र और ई-मतदाता परिचय पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, पेन कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केन्द्र शासन, राज्य शासन, पीएसयूस और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटोग्राफ सहित सर्विस पहचान कार्ड, एमपी, एमएलए व एमएलसी द्वारा जारी आधिकारिक पहचान पत्र

## प्रिंट मीडिया में एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 4 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 19 अप्रैल को, दूसरे चरण में 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

### मतदान के पूर्व 48 घंटे के अवधि के लिए जारी दिशा निर्देशों का पालन करने के निर्देश

**छिंदवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों और आम नागरिकों से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान समाप्ति से पूर्व की 48 घंटे की अवधि के लिए जारी मानक प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है, साथ ही दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि आज 17 अप्रैल 2024 की शाम 6:00 बजे से कोई भी प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। बाहर के लोग जो उस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के मतदाता नहीं हैं, वे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छोड़कर बाहर चले जाएं, अन्यथा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। अगर कोई भी अभ्यर्थी वाहन की अनुमति चाहते हैं तो अधिकतम 10 वाहन की अनुमति रिटर्निंग ऑफिसर छिंदवाड़ा से लेना होगा।

## बैगा मतदाताओं में मतदान की छायी खुशी, मतदान के लिए कर्मा नृत्य कर झूमें



**बाालाघाट।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में बैगा जनजाति में मतदान करने का उत्साह चरम पर है। मंगलवार को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा और स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में बैहर जनपद के अनेक गाँवो में कर्मा नृत्य के आयोजन हुए है। जानकारी के अनुसार कर्मा नृत्य विशेष परिस्थितियों में भी बैगाओं द्वारा किया जाता है। कई मतदान केंद्रों पर आयोजित हुए इस आयोजन में महिलाएं खूब झूमे।

**राम जी के डोले का पूरे नगर में कराया गया भ्रमण**

## रामनवमीं पर लांजी में माझी निषाद राज संगठन ने निकला श्री राम जी का डोला



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य दिवस के अवसर पर श्रीराम नवमीं पर लांजी नगर में भव्य श्री राम जी के डोले के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम का डोला पुराने राम मंदिर से निकला जिसका सर्वसमाज ने आस्था और उत्साह के साथ पुष्प वर्षा तथा आरती पूजन के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा में सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सहित हजारों लोगों ने सहभागिता की। भगवान श्रीराम जी का डोला माझी निषाद राज समिति के द्वारा लांजी नगर में विगत वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है। विशाल शोभायात्रा सर्वप्रथम पुराने राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रारंभ की गई। जिसमें डोले पर भगवान श्रीराम, जी को विराजमान कर माझी निषाद राज समिति के द्वारा अपने कंधों पर राम जी के डोले की शोभा यात्रा में ढोल-नगाड़े, डीजे की धुन पर महिलाएं एवं पुरुष तथा नवयुवक नाचते-गाते भगवान श्री राम के जयकारों के साथ पुराने राम मंदिर से शीतला मंदिर, मनेरी फाटक से मेन रोड होते हुए सुभाष चौक लांजी से सालेटेकरी रोड से सब्जी मण्डी होते हुए पुनः राम मंदिर में कार्यक्रम का समापन किया गया। माझी निषाद राज समिति के द्वारा प्रतिवर्ष नवमी में राम जी का डोलाराम मंदिर से निकाला जाता है और उनके द्वारा राम जी के डोले को लांजी नगर के सभी वार्डों में घुमाया जाता है जिसमें सैकड़ों राम भक्तों एवं हिंदू समुदाय के द्वारा भगवान श्री राम की विशाल डोले का पूजनकिया जाता है। यह शोभायात्रा पैदल लांजी नगर में घुमाया जाता है तथा। जिसका नगर के विभिन्न चौराहों पर धर्म प्रेमियों द्वारा शोभायात्रा में शामिल धर्म प्रेमियों को स्वागत किया जाता है। इस यात्रा में , क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि समाजसेवी, पत्रकार सहित अन्य लोगों की सहभागिता रहती है। पुलिस का विशाल शोभा यात्रा को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

**बालिका व महिला की सतर्कता से बची हजारों लोगों की जान**

# सिंधी समाज के लंगर के भोजन में कथित रुप से एसिड मिलाने के मामले ने पकड़ा तूल

**सिंधी पंचायत अध्यक्ष ने मामले में साधी चुप्पी, कुछ भी कहने से किया इंकार**

### पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने से नागरिकों में आक्रोश, आरोपी के खिलाफ आज तक नहीं की गई पुलिस में रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड/झूलेलाल जयंती के अवसर पर 10 अप्रैल को आयोजित लंगर के भोजन में कथित रुप से एसिड मिलाने, गुरुनानक धर्मशाला में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों एवं पानी की टंकी में पानी भरने वाली मोटर में लगे हुए वायरों को काटने का मामला अब तूल पकडने लगा हैं। वहीं जिस बालिका व महिला की सतर्कता के कारण हजारों लोगों की जान बच गई, उसकी नागरिकगण भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। यहीं नहीं पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा बालिका व महिला को पुरस्कृत करने की बात कही जा रही हैं।

**सिंधी पंचायत के पदाधिकारी मामले को कर रहे दबाने का प्रयासः** इस मामले के सोशल मीडिया में उछलने के बाद पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा मामले को दबाने का प्रयास करने के कारण अब उसके पदाधिकारीगण भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। क्योंकि घटना को लगभग 9 दिन होने के बाद भी पूज्य सिंधी पंचायत के लोग सिर्फ बैठकें कर रहे हैं और इस घटना की जॉच के लिए पुलिस थाने में उनके द्वारा आज तक कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई हैं। वहीं पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लखीराम रामचंदानी द्वारा भी इस घटना के संबंध में मीडिया से कुछ भी कहने से इंकार किया जा रहा हैं।

**लंगर की सब्जी व बरतनों में किया गया था एसिड का छिडक़ावः** प्राप्त जानकारी अनुसार पूज्य सिंधी समाज द्वारा 10 अप्रैल 2024 बुधवार को चेट्री चंड्र/ झूलेलाल जयंती का कार्यक्रम स्थानीय गुरुनानक धर्मशाला में रखा गया था और नगर में शोभा यात्रा भी जोर शोर से निकाली गई थी। जिसके बाद प्रतिवर्ष अनुसार लंगर का आयोजन भी किया गया था। एक दिन पूर्व से ही लंगर में बांटे जाने वाले भोजन और उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई थी। जानकारी अनुसार जब लंगर का भोजन बनाया जा रहा था, इस दौरान एक व्यक्ति द्वारा अधपकी सब्जी में कथित रुप से जहरीला पदार्थ एसिड डाल दिया गया था।

**कथित रुप से एसिड छिडक़ने वाले ने पानी की मोटर व सीसीटीवी कैमरे के वायर भी काट दिए थेः** वहीं जब मोटर चालू नहीं होने पर मिस्त्री को बुलवाया गया, तो पता चला कि मोटर खराब नहीं हुई हैं, बल्कि कुछ स्थानों से मोटर के वायर काट दिए गए हैं, वहीं सीसीटीवी कैमरे के तार भी कटे हुए पाए गए। जिसे पंचायत के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा सुधरवाया गया। चर्चा हैं कि कार्यक्रम के बाद पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने एक बैठक ली थी। जिसमें भोजन बनाने वालों के ग्रुप में शामिल महिला द्वारा जिस व्यक्ति का नाम कथित रुप से एसिड डालने के संबंध में लिया गया था। उसे बुलाया गया था। जहॉ पर उसने पहले तो इस प्रकार की किसी भी हरकत को करने से इंकार कर दिया, लेकिन बाद में उसने एसिड डालने की बात को स्वीकार करते हुए माफी मॉगी। जिस पर पंचायत के पदाधिकारियों ने उसे माफ करते हुए भविष्य में पंचायत की ओर से कोई भी कार्य नहीं देने की बात कही।

**सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी फैलते ही मचा हडक़ंपः** लेकिन इस बात की खबर सिंधी समाज में फैलते ही समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और कुछ लोगों ने संबंधित व्यक्ति पर कार्यवाही करने की बात कही। लेकिन जब पंचायत के पदाधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, तो फिर युवाओं ने इस मामले को सोशल मीडिया के व्हाट्स एप ग्रुप रायता के माध्यम से जनता के बीच उठा दिया। सोशल मीडिया पर इस बात का खुलासा होते ही सिंधी समाज में हडक़ंप की स्थिति बन गई। जहॉ कुछ लोग सब्जी में कथित रुप से एसिड मिलाने वाले व्यक्ति के पक्ष में लिखने लगे, तो कुछ लोगों ने इस मामले में पंचायत द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने को लेकर पदाधिकारियों को आड़े हाथों लिया।

**सिंधी समाज ने मामले को व्हाट्स एप ग्रुप में लिखने पर किया फतवा जारीः** 2-3 दिन तक लगातार सोशल मीडिया पर चलने वाले इस मामले के बाद अंततः पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा 16 अप्रैल को समाज की एक बैठक बुलाई गई। इस बैठक में सिंधी समाज के लगभग सभी छोटे-बड़े लोग मौजूद रहे। बताया जाता है कि बैठक में तरह तरह के विषयों पर अधिक चर्चा हुई, किंतु कथित रुप से एसिड मिलाने वाली घटना पर उतना अधिक बल नहीं दिया गया। बल्कि व्हाट्स अप ग्रुप पर की गई सार्वजनिक चर्चाओं पर नाराजगी अधिक व्यक्त की गई। चर्चा हैं कि बैठक में एक मौखिक फतवा भी जारी कर दिया गया हैं कि अगर समाज का कोई व्यक्ति तत्संबंध में व्हाट्स अप पर चर्चा करेगा, तो 21000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और गंभीर मामले से विषयांतर होकर चंद लोगों ने अपनी भड़ास व्हाट्स अप ग्रुप पर निकालने का प्रयास किया।




**संजू सहजवानी ने सब्जी में मिलाई जहरीली दवाईः** इस पूरे मामले की खोजबीन करते हुए जब मीडिया ने लंगर में भोजन बनाने में शामिल महिलाओं कांता बिसेन, सुनीता नारबोदे व बालिका काजल बिसेन से ग्राम खंडवा के पुल के नीचे मुलाकात की। तो कांता बिसेन ने बताया कि सिंधी समाज का संजू सहजवानी हमारे भोजन बनाने के स्थान किचन में आया था और मुझे कहा कि मोहन आ रहा हैं, उससे बाहर के बाहर ही बात करना, अंदर मत आने देना, कहकर मुझे बाहर भेज दिया। संजू सहजवानी को जेब से शीशी निकाल कर सब्जी में दवाई छिडक़ते हुए मेरी बेटी काजल बिसेन ने देखा और उसने साथ वाली महिला सुनीता नारबोदे को बताया। जिस पर महिला ने धनिया में हाथ फिरा कर देखा, तो उसमें एसिड मेरे हाथ में लगा और उससे दुर्गन्ध आ रही थी, इसी बीच संजू स्टोर रुम में भी गया और वहॉ पर बाल्टियों व बरतनों में भी दवाई को छिडक़ा।

**गंभीर मामले में कथित रुप से माफी देना संदेह के दायरे मेंः** यहॉ उल्लेखनीय हैं कि भोजन बनाने वाली महिलाओं द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लखीराम रामचंदानी और मोहन चिमनानी को जानकारी दी गई थी। जिसके बाद उनके द्वारा सब्जी फिंकवाई गई और बरतनों को साफ करवाया गया था। लेकिन इस मामले की गंभीरता को जिस प्रकार से पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा नजरअंदाज करते हुए कथित रुप से आरोपी को सिर्फ माफी मॉगने पर माफ कर दिया गया और इस मामले के समाज के बीच उठने के बावजूद भी जिस प्रकार की कार्यवाही पंचायत द्वारा की जा रही हैं, वह चिंतनीय विषय हैं।

## तापमान पहुंचा 40, से 42 डिग्री सेल्सियस : गर्मी के तेवर से लोग परेशान जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी में सुहाने मौसम का दौर खत्म हो चुका है। अब दोपहर में झुलसाने वाली गर्मी का लोगों को सामना करना पड़ा रहा है। अचानक से बढ़ी हुई गर्मी से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह पारा 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिसका परिणाम है कि तापमान कि मुश्किलें भी बढ़ गई है। घर से निकलने वाले लोग चेहरा समेत पूरा शरीर को ढककर चल रहे है। जिससे धूप से शरीर की सुरक्षा होती रहे। तेज धूप व गर्मी बढ़ गई है। लिहाजा लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे है। लेकिन लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। गर्मी से लोगों की हालत खराब हो रही है वहीं लू के थपेड़ों ने झुलसा दिया है। तपिश के कारण लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है दिन भर गर्म हवा से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तेज धूप के साथ पुरवइया हवा भी चलना बंद हो जाने के कारण गर्मी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर में गर्मी अधिक होने से लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। लोग ठंड पेय पदार्थ गटक रहे हैं। इनदिनों भीषण गर्मी को लेकर कोल्ड ड्रिंक आइसक्रीम की दुकानों से नजदीकियां बढ़ गई है। वहीं दुकानों पर गमछा टोपी बस चश्मे की बिक्री तेज हो गई है। बिजली गुम हो जाने के बाद गर्मी के मारे लोग घरों में भी तिलमिला रहे हैं देर शाम मौसम के ठंडा होने पर लोगों की राहत होती है।

लांजी में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। तपिश और उमस से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। सूरज आग बरसा रहा है। दरसअल गर्मी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है, साथ ही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है अप्रैल माह मे सूरज ने अपना रौद्र रूप दिखाना जारी रखा। गर्मी ने सुबह से ही अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर तक स्थिति यह रही कि बाजार में भी भीड़भाड़ कम हो गई।

### मजदूरों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

**बालाघाट।** 16 अप्रैल को ग्राम पंचायत साकडी में स्वीप नोडल अधिकारी के मार्गदर्शा 1न में, जिला समन्वय आदरणीय श्री सुशील जी बर्मन के निर्देशानुसार एवं विकासखंड समन्वयक कुमारी श्वेता मिश्रा जी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जन समुदाय को मतदान के प्रति जागरूक करने और शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा जिसमे ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई साथ ही CMCLDP छात्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। व बगैर भेदभाव, देश हित में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की जा रही है। ₹सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो₹ की भावना से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### पिकअप वाहन और बाइक में हुई भिड़ंत:तीन लोग गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले खमरिया अमोदा ग्राम के समीप रात्रि के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां पिकअप वाहन और बाइक में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में सवार तीन लोग गंभीर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की जानकारी घंसौर पुलिस और 108 वाहन में दी। जिसके बाद एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की स्थिति को देखते हुए तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन में डीजे बंधे हुए थे। जो किसी कार्यक्रम से वापस लौट रहा था और बाइक में सवार 3 युवक घर जा रहे थे। जब वह खमरिया अमोदा के पास पहुंचे तो हादसे का शिकार हो गए। घायलों में दुर्गेश पिता शेखर भलावी उम्र 14 वर्ष, जितेंद्र कुमार मर्रापा पिता सोमलाल मर्रापा उम्र 13 वर्ष, शिवराज भलावी पिता जयचंद अलवी उम्र 20वर्ष है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ।

## जिले के 1407 मतदान केन्द्रों में होगा मतदान आज

# दस लाख से अधिक मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत शुक्रवार 19 अप्रैल को जिले के कुल 1407 मतदान केन्द्रों मतदान होंगे। बरघाट में 310, सिवनी में 337, केवलारी में 353 तथा लखनादौन में 407 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए रिजर्व सहित कुल 6253 मतदान कर्मी की नियुक्ति की गई है। इसके साथ-साथ 267 माईक्रो आर्ब्जवर तथा 153 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्त हुए हैं। 1407 मतदान केन्द्रों में से पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा संचालित किए जाने वाले कुल 100 पिंक पोलिंग बूथ भी स्थापित किए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बरघाट में 25, सिवनी में 35, लखनादौन एवं केवलारी में 20-20 पिंक पोलिंग बूथ बनाये गए हैं। इसके साथ-साथ कुल 555 ऐसे बूथ भी प्रस्तावित हैं जिनमें कम से कम 02 महिला कर्मी मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करवाएगी। इसी तरह बरघाट विधानसभा में 06, सिवनी विधानसभा में 05, केवलारी विधासभा में 08 तथा लखनादौन विधानसभा में 04 इस प्रकार कुल 23 मॉडल पोलिंग बूथ भी स्थापित किए गए हैं।

### 1081052 मतदाताओं द्वारा किया जाएगा अपने मताधिकार का उपयोग

निर्वाचन नामावली में शामिल कुल 1081052 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन नामावली में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 114 बरघाट में 121846 पुरुष, 123469 महिला एवं 02 अन्य इस प्रकार कुल 245317 मतदाता हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी में 138597 पुरुष, 137523 महिला एवं 7 अन्य इस प्रकार कुल 276127 मतदाता हैं, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 116 केवलारी में 132173 पुरुष, 129900 महिला एवं 03 अन्य इस प्रकार कुल 262076 मतदाता तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-117 लखनादौन में 151088 पुरुष, 146441 महिला



### आमजनों से अपने मताधिकार का उपयोग करने की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की अपील



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होने वाले मतदान में जिले के सभी मतदाताओं से सहभागिता की अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से बिना किसी भय, लोभ-लालच से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया है।

### आज रहेगा शुष्क दिवस

सिवनी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को सम्पूर्ण दिवस (एक दिन) का शुष्क दिवस घोषित किया है।उक्त शुष्क दिवस अवधि में जिले की मदिरा विक्रय की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस एफ.एल-3 (क), विदेश मदिरा भाण्डागार सिवनी, देशी मदिरा भाण्डागार सिवनी एवं लखनादौन से किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय / वितरण अथवा प्रदायगी को प्रतिबंधित किया है। साथ ही जिले के सम्पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय / वितरण प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

### रहेगा सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश

सिवनी । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत शुक्रवार 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए जिले में सार्वजनिक तथा सामान्य घोषित किया है।





# आज होने वाले मतदान के लिए मतदान दल मतदान सामग्री के साथ रवाना

**लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण शुक्रवार 19 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान को लेकर गुरूवार 18 अप्रैल को जिले के सभी 1407 मतदान केन्द्रों के दल मतदान सामग्री लेकर अपने- अपने नियत मतदान केन्द्रों की ओर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना हुए।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सर्वप्रथम प्रातः 6 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके उपरांत मतदान केन्द्रवार मतदान दलों को ईव्हीएम मशीन एवं अन्य



मतदान सामग्री उपलब्ध कराई गई।

### पोलिंग दल को उनकी टेबल पर उपलब्ध कराई गई मतदान सामग्री

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में मतदान कर्मियों की सुविधा अनुरूप सभी जरूरी व्यवस्थाएं मतदान सामग्री वितरण-वापसी स्थल रखी गई है। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर विधानसभावार वॉटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक मतदान दल के लिए पृथक-पृथक टेबल-कुसियों की व्यवस्था रखते हुए पर्याप्त संख्या में कूलर, पंखों की व्यवस्था की गई थी। मतदान दलों को ईव्हीएम तथा अन्य सभी मतदान सामग्री उनकी टेबल तक पहुंचाई गई, किसी भी मतदान कर्मी को कहीं भी कतार लगने की अवश्यकता नहीं पड़ी। मतदान सामग्री वितरण स्थल में मतदान दलों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए डाक मत पत्र सुविधा केंद्र, मेडिकल सुविधा केंद्र तथा स्वल्पाहार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।




### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह की रही उपस्थिति

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह पूरे समय मतदान सामग्री वितरण स्थल पर उपस्थित रहे। उनके द्वारा विधानसभावार बने मतदान सामग्री स्थलों एवं व्यवस्था का सतत अवलोकन करते हुए समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारी- कर्मचारियों दिए गए।

मतदान सामग्री प्राप्ति के बाद मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों में कल होने वाले मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। सभी अधिकारी- कर्मचारी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता होने पर उत्साहित नजर आए तथा सभी के द्वारा जिले वासियों से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। दोपहर बाद मतदान दलों का उनके मतदान केन्द्र पहुंचना प्रारंभ हो चुका था, विभिन्न मतदान केन्द्रों में मतदान दल के पहुंचने पर स्थानीय निवासियों द्वारा दल का सहर्ष स्वागत किया गया।

## गर्मियों में बदल रहा वर्कआउट का ट्रेंड, कार्डियो पर ज्यादा ध्यान



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बदलते मौसम और लगातार बढ़ रही गर्मी में हैल्थ क्लब , फिटनेस सेंटर और जिम का भी ट्रेंड बदल रहा है। खासतौर पर उन लोगों के लिए जो वर्कआउट फैट लास के लिए कर रहे हैं। अधिकतर फिटनेस सेंटर में एक्सरसाइज का पैटर्न, समय और डाइट प्लान बदला जा रहा है। जहां हैवी वेट वर्कआउट के स्थान पर लाइट वेट एक्सरसाइज की जा रही हैं और शरीर से फैट कटिंग के लिए खासतौर पर कार्डियो करवाया जा रहा है। इतना ही नहीं वर्कआउट के बाद रिलेक्शेसन के लिए भी स्पेशल पैटर्न तैयार किया जा रहा है। आप भी जानिए वर्कआउट के लिए इन दिनों कौनसा तरीका बेहतर है।

### हैवी वेट की जगह लाइट वेट वर्कआउट

फिटनेस एक्सपर्ट लोकेंद्र हाडा का कहना है कि गर्मियों में वातावरण व शरीर दोनों का तापमान बढ़ा हुआ रहता है। ऐसे में लापरवाही से हीट स्ट्रोक व डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए सुबह या शाम को ठंडक में इनडोर लाइट एक्सरसाइज करना ज्यादा बेहतर होता है। यह समय शरीर के एक्सट्रा फैट को खत्म करने के लिए बेहद कारगर होता है। इसलिए वाकिंग, रनिंग, साइकिलिंग, एब्स और साइड डंबल जैसे वर्कआउट इन दिनों अधिक फायदेमंद रहते हैं। वहीं शोल्डर, चेस्ट, आर्म्स, बैक और थाइज के लिए की जाने वाली एक्सरसाइज में अधिक वजन लगाने से बेहतर है रिपीटेशन बढ़ा लें।

### रिलेक्सेशन का भी रखें ध्यान

गर्मियों में सुबह और शाम दोनों ही समय एक्सरसाइज करते रहना चाहिए। वर्कआउट से पहले जैसे शरीर को वार्मअप करते हैं, वैसे ही एक्सरसाइज के बाद बाडी को सामान्य करने का भी ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए शरीर को 15 से 20 मिनट के लिए रिलेक्स मोड में छोड़ देना चाहिए। इसके साथ ही तापमान सामान्य करने के साथ ही शरीर को हाइड्रेट करने का भी ध्यान रखें।

### डाइट में भी बदलाव

शहर के आहार विशेषज्ञ की मानें तो गर्मियों में एक्सरसाइज के साथ डाइट का भी ख्याल रखना चाहिए। जिसमें फास्ट फूड, फ्राइड, हैवी फूड से दूरी बनाने के साथ ही लाइट डाइट जैसे सलाद, हरी सब्जियां, दाल, दलिया, फल, शेक, जूस, आइस-टी, दूध, दही, लस्सी और पनीर को अपने रोजाना के भोजन में शामिल कर लेना चाहिए। हाइड्रेशन का विशेष ध्यान रखना होगा।

## कोतवाली और डूंडासिवनी पुलिस ने तीन जुआ फड़ से 9 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में जुआड़ियों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस सक्रिय नजर आ रही है। रात्रि में अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर कोतवाली और डूंडासिवनी पुलिस ने तीन जुआ फड़ से 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पांच हजार रुपए जब्त किए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया की रानी दुर्गावती वार्ड में कुचबुंदिया मोहल्ला में जुआ खेल रहे तीन लोगों को पकड़ा है। जिन्हें पकड़ा गया है उनमें चन्द्रप्रताप पिता यशवंत सिंह राठौर, मो. इस्तियाक पिता मो. ईसाक खान और रविन्द्र उर्फ रवि पिता मंगलप्रसाद विश्वकर्मा शामिल हैं। जिनके पास से 1400 रुपए जब्त किए। इसी प्रकार हड्डीगोदाम में मछली मार्केट पास जुआ खेल रहे सुनील पिता विष्णु कश्यप, मुन्ना पिता चुन्नु कश्यप और नितेश पिता संतु कश्यप के पास से 1600 रुपए जब्त किए। डूंडासिवनी पुलिस ने जनता नगर के मोक्षधाम के पास नाले किनारे जुआ फड़ पर दबिश दी। जहां पांच लोग जुआ खेल रहे थे, जिनमें से 2जनता नगर निवासी शेख समीम पिता शेख निजाद अली और शेख आजाद पिता शेख राजू के पास से दो हजार रुपए जब्त किए। मौके से नाहिद खान, सिराज खान और राजू भाग गए। जिनकी तलाश की जा रही है।

### शहर के कई पार्क हुये वीरान

शहर का फिल्टर प्लांट पार्क वीरान सा हो गया है। इस पार्क के पास ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों का निवास है, फिर भी वे बर्बाद हो रहे इस पार्क की दशा सुधारने कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। वर्तमान में हालात यह हैं कि पार्क में जगह-जगह शराब की बोतलें, कांच के टुकड़े, पानी पाउच के रैपर और झाड़ियां ही नजर आ रही हैं।वहीं बच्चों के लिए लगाए गए कुछ झूले गायब ही हो गए हैं और जो बचे है वह जर्जर हालत में हैं। ।शुरू में यहां बड़ी संख्या में लोग टहलने, कसरत करने पहुंचते थे।अब पार्क पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।शाम होने के बाद यह पार्क मयखाना में तब्दील हो जाता है।यहां शराब और गांजा पीने वालों की टोली कब्जा जमा लेती है।कई बार इसकी शिकायत भी की जा चुकी है।फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# जिलेभर में धूमधाम से मना रामनवमीं पर्व: गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर

**हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार रामनवमी बुधवार को संपूर्ण जिले में आस्था के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर कई जगहों पर ध्वजा लहराया गया तो शोभायात्रा भी निकाली गयी।**

वहीं भक्ति गीत से पूरा इलाका गुंजायमान रहा।मान्यताओं के अनुसार असुरों के राजा रावण को संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सांतवा अवतार लिया था। चैत्र मास की नवमीं को अयोध्या के राजा दशरथ की पहली पत्नी कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया था। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म दिवस को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा है। रामनवमी के अवसर पर शहर के राम मंदिर से रामदल समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जुलूस में शामिल घोड़ा व झांकी लोगों के आकर्षक का केन्द्र बना रहा। जय श्रीराम के जयघोष के साथ जुलूस में शामिल लोग बैंडबाजे के धुनों पर थिरकते रहे। वहीं चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मा दुर्गा के



दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रामनवमी का पर्व पर भक्त सुबह से ही पूजा पाठ में लगे रहे। पूजा करने के लिए मंदिरों में लंबी कतार देखी गई। हाथ में केसरिया झडे, माथे पर लाल टीका व जयश्री राम के जयकारे गूंजते रहे। मंदिर के बाहर का नजारा भी कम उत्साहवर्धक नहीं था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडाल भी लगाए गए।

### हवन पूजन का आयोजन

शहर में ज्यादातर जगह भक्तों ने घरों में कलश स्थापित कर बृहस्पतिवार रात मा की आराधना की। बुधवार सुबह लोगों ने हवन-पूजन कराए। शहर में व्रतियों ने हवन-पूजन के बाद कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोज कराया। इसके बाद अन्न पराषण कर व्रत तोड़ा। वहीं मंदिरों में भी कन्या भोज व भंडारे का का आयोजन किया गया।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया राम जन्मोत्सव

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिवनी में श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आपसी चर्चा के माध्यम से ब्रह्माकुमारीज जिला प्रभारी ज्योति दीदी जी ने उपस्थित ब्रह्मा कुमारीज के समस्त सदस्यों का ध्यान श्री रामचंद्र जी के श्रेष्ठ विचारों और आदर्शों की ओर खिंचवाया दीदी जी ने बताया कि रामचंद्र जी ने विपरीत परिस्थितियों का सामना मुस्कुराते हुए किया, चिंता तनाव रहित होकर हर परिस्थिति को स्वीकार किया । अतः उनसे प्रेरणा लेकर हम भी संकल्प करें कि हर परिस्थिति का सामना खुशी-खुशी करेंगे। 2/श्री राम जी ने अपने जीवन में आने वाली परिस्थितियों के लिए कभी किसी पर दोषारोपण नहीं किया, बल्कि अपने ही कर्मों का फल समझ कर स्वीकार किया।





जिनके तरफ से जीवन में सबसे अधिक तकलीफें आई राम जी ने उन्हें सबसे पहले माफ कर, गले लगाया । सम्मान भी दिया। सदैव अपमान करने वालों को सम्मानित किया। 4/श्री राम जी ने कभी किसी की निंदा नहीं की । अतः आज हम सभी मिलकर श्री राम जी के आदर्शों को, मर्यादाओं को अपना आचरण बनाले, तभी राम राज्य की स्थापना हो सकेगी। एवं सभी सदस्यों ने श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में धारण कर राम राज्य की स्थापना में सहयोगी बनने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

### प्रथम चरण में मतदान के लिये सार्वजनिक अवकाश घोषित

**बालाघाट।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी में सार्वजनिक संवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम चरण का मतदान आज 19 अप्रैल शुक्रवार को किया जा रहा हैं। जिसके तहत संबंधित क्षेत्र के दुकानों, फैक्ट्रियों, आफिसों (कार्यालय) आदि कर्मचारियों के लिये आज सार्वजनिक संवैतनिक अवकाश रहेगा।

## चुनाव सामग्री लेकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुआ मतदान दल

# आज बालाघाट संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान, कलेक्टर-एसपी ने देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। जिसको लेकर जिला मुख्यालय से गुरुवार को चुनाव सामग्री की लेकर मतदान दल केन्द्रों के लिए रवाना हो गए।

गुरुवार सुबह 7 बजे से जिला मुख्यालय पर मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज में हर विधानसभा क्षेत्र के लिए सामग्री पर कलर कोडिंग की गई। इसके बाद मतदान दलों को वाहनों से रवाना किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ भी साथ थे।

बैहर विधानसभा को हल्का हरा, लांजी को लाल, परसवाड़ा का नीला, बालाघाट का सफेद, कटंगी का पीला और वारासिवनी को पिंक कलर कोड दिया गया है। वहीं विधानसभा क्षेत्र अनुसार बसों को लगाया गया। मतदान सामग्री लेने के बाद रूट पर खड़ी बसों से मतदान दलों को रवाना किया गया।





### नक्सल प्रभावित बूथ पर माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया में पुलिस और प्रशासन के लगभग 20 से 22 हजार कर्मी अलग-अलग दायित्वों में लगे है। जिले के 1675 बूथो में 510 राजनीति और नक्सल प्रभावित बूथों पर माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए है। 75 प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी और वेब कास्टिंग से नजर रखी जा रही है। 12 सौ से अधिक मतदान केन्द्रों में एडिशनल पी-टू दिया गया है।

अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सेक्टर मोबाइल के अलावा मेडिकल टीम और इन क्षेत्रों के ग्रामीण शासकीय अमले को मेडिकल की बेसिक ट्रेनिंग दी गई है। स्वीप गतिविधियों से संसदीय क्षेत्र के लगभग साढ़े 18 लाख मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया है।

### सुरक्षित मतदान कराने तैयार बालाघाट पुलिस

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि जिले के 1675 मतदान केन्द्रों में 319 मतदान केन्द्र नक्सल प्रभावित है। जिसमें से 58 मतदान केन्द्र अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। जहां चुनाव के लिए मिली सीएपीएफ की कंपनी के जवानों को पर्याप्त रूप से तैनात किया गया है।

जिले के तीन विधानसभा बैहर, परसवाड़ा और लांजी में दोपहर 4 बजे वोटिंग समाप्त होने के बाद मतदान दलों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए है।

## पिंक बूथ में पहुंचे मतदान दल का हुआ जोरदार स्वागत




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

चुनाव का पर्व देश का गर्व को सार्थक करने के लिये लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण 19 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु वारासिवनी ब्लॉक कायदी मतदान केंद्र क्रमांक-75 एवं खापा मतदान केंद्र क्रमांक-31 को पिंक बूथ बनाया गया है। पिंक बूथ क्रमांक-75 मे गुरुवार को जैसे ही मतदान दल पहुंचा तो उनका पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ तथा माथे पर तिलक लगाकर जोरदार स्वागत किया गया। सीईओ सुश्री दीक्षा जैन द्वारा स्वयं उपस्थित होकर महिला मतदान दल का गुलाब के पुष्पों से स्वागत किया गया। मतदान दल से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि वे पहली बार निर्वाचन ड्यूटी मे आयी है, वे बहुत उत्साहित व खुश थी। पिंक बूथ मे पिंक कलर का पंडाल लगाया गया है जिसे पिंक गुब्बारो से सजाया गया। वहीं द्वार पर अभिनन्दन के लिये पिंक कलर की सजावट की गयी है तथा महिला कर्मचारियों की सुविधाओं समुचित का ध्यान रखा गया है। स्वागत की मधुर बेला मे बीएलओ अनीता नागपुरे, सेक्टर प्रभारी कोमल गजभिये, अरुण पटले, आर बंसोड प्रधान पाठक, सचिव गायत्री गोस्वामी उपस्थित रहें।

## भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव में बच्चों की सायकिल रैली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल के नेतृत्व में जैन समाज के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमोधर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के भाव से समाज के 06 से 15 वर्षो के बच्चों के बीच अहिंसा सायकिल रैली और स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



अहिंसा द्वार से प्रारंभ अहिंसा सायकिल रैली में बड़ी संख्या में सामाजिक बच्चों ने सहभागिता की। वहीं स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल बच्चो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आयोजक संस्था श्री पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल द्वारा पुरस्कृत और अहिंसा सायकिल रैली में लक्की-ड्रा से तीन बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस पूरे आयोजन में सामाजिक लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। वहीं इस सफल आयोजन में श्री पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल अध्यक्ष यामिनी चौरड़िया, सचिव मेघा सेठिया, कोषाध्यक्ष मनीषा खजांची, संचल चोपड़ा, सरिता चोपड़ा, रूचि सुराना, प्रिया सुराना, डाली सुराना, अनिशा सुराना, पूजा मुथा, मीनल सिंघी, पिंकी शाह, आराधना चौरड़ियि, दिप्ती बोथरा, अंजली सिंघई, राशि बाफना, रेखा वैद्य, विधि दुग्गड़, नेहा बाफना, प्रियंका कोचर और पूरी टीम का सराहनीय सहयोग रहा।

## ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत, घर से था तीन-चार दिनों से गायब



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गुरुवार तड़के लगभग 3-4 बजे के करीब बालाघाट रेलवे ट्रैक से होकर गुजरने वाली ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई, जिसका शव कोसमी के बौद्ध नगर के पास रेलवे ट्रैक में मिला। मृतक की शिनाख्त रेलवे स्टेशन के पास मोर कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय पंकज पिता काशीराम चावला के रूप में हुई है। युवक नशे का आदि था और पिछले तीन-चार दिनों से घर नहीं आया था।

एक दिन पूर्व ही नशे की हालत में बालाघाट रेलवे स्टेशन में होने की जानकारी के बाद परिजन उसे लेने आए थे, लेकिन वह भाग गया था। उसका रेलवे ट्रैक पर शव मिला। इसकी जानकारी के बाद ग्रामीण थाना पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्रवाई के बाद जिला चिकित्सालय में शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### हनुमान जयंती पर वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे आकाश रंगलानी

**बालाघाट।** हर साल की तरह इस साल भी 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर वीर बजरंगी का स्वरूप निकाला जाएगा। श्री हनुमान सेवादल समिति द्वारा कोविड के दो साल छोड़कर पिछले 6 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है।आयोजन के इस सातवें वर्ष में हनुमान भक्त आकाश रंगलानी वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे। इसके लिए उन्होंने 40 दिनों की तपस्या का संकल्प ब्रह्मचर्य व्रत का पालन, सुबह'शाम विशेष तरह का व्यायाम, सात्विक भोजन और हनुमान भक्ति का पालन भी प्रारंभ कर दिया है। जिसको लेकर चैत्र नवरात्र की दुर्गा पंचमी पर श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर के एक कक्ष में स्वरूप की स्थापना की गई। वहीं साधक आकाश रंगलानी ने सुबह पुराने राम मंदिर पहुंचकर हनुमान जी को चोला चढ़ाया।

## मतदान दलों का केंद्र पर पहुँचते ही हुआ अभूतपूर्व स्वागत

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 की पूरी तैयारियों के बाद गुरुवार को मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री के साथ रवाना किया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा, प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह, सम्बंधित विधानसभा के एआरओ और राजनीतिक दलों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम लगभग 5:30 बजे से खोलना प्रारंभ किये गए। सामग्री वितरण के लिए हर विधानसभा को अलग-अलग रंग में बांटा गया ताकि दलों को रेंडमाइजेशन से आवंटित हुई विधानसभा की सामग्री प्राप्त करने में कोई समस्या न हो। टेबलों के माध्यम से वितरित सामग्री प्राप्त करने के बाद दलों ने निर्वाचन सामग्री के साथ ही इस बार मेडिकल किट की भी अच्छे से जांच की गई। सामग्री वितरण के दौरान निर्वाचन प्रेक्षक भी निगरानी करते रहे कि दलों को कोई समस्या तो नही है। मतदान दलों के चेहरों पर किसी प्रकार की चिंता नहीं बल्कि उनके कंधों पर जिम्मेदारी का उत्साह ज्यादा दिखाई दिया। करीब 9 बजे स्थानीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय से सामग्री वितरण के बाद जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा, डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल और आरटीओ श्री अनिमेष गड़पाल ने लांजी विधानसभा के रूट क्रमांक 28 की बस का पूजन अर्चन कर दलों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।



**ईडीसी के लिए अंतिम समय मे भी बनाया हेल्प सेंटर:** मतदान दलों में शामिल शासकीय सेवक मतदाताओं का मतदान ईडीसी के द्वारा करने के प्रावधान है। पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कटाने ने बताया कि जिले में कुल 12134 ईडीसी जारी किए गए। द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त प्रारूप 12 ख के विरुद्ध ईडीसी जारी कर सामग्री वितरण के दौरान हेल्प डेस्क के माध्यम से शत प्रतिशत ईडीसी वितरित किये गए। जिसका प्रयोग सम्बंधित मतदाता मतदान केंद्र में ही करेंगे।

**निर्वाचन सामग्री के साथ जांची गई मेडिकल किट:** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.मिश्रा ने निर्देशानुसार इस बार अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के मतदान दलों और अन्य मतदान दलों के लिए विशेष मेडिकल किट तैयार कर निर्वाचन सामग्री के साथ दलों को प्रदान किया गया। दलों ने भी मतदान सामग्री के साथ ही मेडिकल किट में शामिल दवाइयों को जांचा।

**पटले दंपत्ति लोकतंत्र के महापर्व में अपने कर्तव्य की देगा आहुति:** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान दलों में शामिल पटले दम्पत्ति की अपनी अलग जिम्मेदारी है। दोनों पति पत्नी की ड्यूटी निर्वाचन में लगी है। दोनों मतदान कराने के लिए भी उत्साही है। पत्नी दीपाली पटले शासकीय स्कूल में शिक्षिका है। उनकी ड्यूटी बालाघाट विधानसभा के लालबर्रा मतदान केंद्र में मतदान कराएगी। जबकि पति श्री लुरेंद्र पटले खैरलांजी के सिवनघाट में शिक्षक का दायित्व निभाते है। निर्वाचन में वे मतदान केंद्र पर अपना कर्तव्य निभाएंगे।

**कहीं बनाया वनस्पति मंडप तो कहीं केले के पत्तों का स्वागत द्वार:** परसवाड़ा विधानसभा में फत्तेपुर मतदान केंद्र पर वानस्पतिक मंडप बनाया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश है कि केंद्र पर पर्याप्त पानी और छाया की व्यवस्था की जाए। निर्देशो के पालन में एक अनोखा नवाचार किया गया है। उस मंडप की बड़ी गहरी छाया दिखाई पड़ रही है। ज्ञात हो कि जिले के 1675 मतदान केंद्रों के 1675 मतदान दल 11 बजे तक रवाना हो चुके थे। रवानगी के बाद मतदान केंद्रों पर ग्रामीण नागरिकों में बड़ा उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर दलों के पहुँचने के बाद उनका तिलक और आरती उतारकर स्वागत किया गया।

## 1153 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग और 86 पर सीसीटीवी के माध्यम से आयोग रखेगा नजर

**बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में चुनाव में मतदान आज शुक्रवार को होगा। जिले की तीन विधानसभाओं बैहर, लांजी और परसवाड़ा में मतदान सुबह 7 से 4 बजे तक तथा अन्य 5 विधानसभाओ बरघाट, सिवनी, बालाघाट वारासिवनी व कटंगी में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। निर्वाचन अधिसूचना के अनुसार 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि निश्चित की गई है। संसदीय सीट के कुल 2322 मतदान केंद्र बनाए गए है। बालाघाट जिले की 6 विधानसभाओ में 1675 मतदान केंद्र बनाए गये, जिसमें 1153 पर वेबकास्टिंग और 86 मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। वेबकास्टिंग के द्वारा आयोग द्वारा भी निगरानी सुनिश्चित किया जाएगा। बालाघाट-सिवनी निर्वाचन क्षेत्र में 2322 मतदान केंद्र बनाये गये है जिसमें 18 लाख 73 हजार 653 मतदाता मतदान करेंगे। इसमें 930208 पुरुष और 943429 महिला तथा 16 थर्ड जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग निर्वाचन में करेंगे। पुरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2107 सर्विस वोटर्स, 68.96 ईपी रेसियों, 1014.21 जेंडर रेसियों, 15423 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 5993 मतदाता है।



लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के अंतर्गत 8 विधानसभाएँ शामिल है। इसमें बालाघाट की 6 और सिवनी जिले की बरघाट व सिवनी विधानसभा है। बैहर विधानसभा में 113861 पुरुष, 119263 महिला, थर्ड जेंडर 01 व कुल मतदाता 233125, लांजी विधानसभा में 125378 पुरुष, 124533 महिला व कुल मतदाता 249911, परसवाड़ा विधानसभा में 111946 पुरुष, 114681 महिला व 02 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 226629, बालाघाट विधानसभा में 115765 पुरुष, 118364 महिला व 03 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 234132, वारासिवनी विधानसभा में 101805 पुरुष, 103260 महिला मतदाता कुल 205065, कटंगी में 101010 पुरुष, 102336 महिला व 1 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 203347 तथा बरघाट विधानसभा में 121846 पुरुष, 123469 महिला, 2 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 245317 और सिवनी विधानसभा में 138597 पुरुष, 137523 महिला व 07 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 276127 है। इस तरह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट-सिवनी में कुल मतदाता 1873653 है।

## डीएटीसीसी और जन अभियान परिषद ने पंचायत के सहयोग से हट्टा की बावली में किया श्रमदान

### बावली में बिखरी प्लास्टिक और कचरे की सफाई की गई

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पुरातत्व और पर्यटन की असीम संभावाओं को समेटे जिले में ऐसे कई टुरिज्म स्पॉट और धरोहरें हैं, जिनका संरक्षण और प्रचार प्रसार नहीं हो पाने के कारण वे सबके के सामने नहीं आ पाई है। इन्हें सामने लाने प्रयास किए जाए तो जिला पुरातत्व और पर्यटन के क्षेत्र में हब बन सकता है। कुछ इसी तरह के विचार 18 अप्रेल को विश्व धरोहर दिवस पर व्यक्त किए गए। जिले की प्रसिद्ध हट्टा की बावली में गुरूवार को जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) और जन अभियान परिषद ने पंचायत के सहयोग से बावली में धरोहर दिवस मनाया। धरोहरों के संरक्षण क संदेश देने यहां करीब डेढ़ से दो घंटे सफाई अभियान चलाकर श्रमदान भी किया गया। इस श्रमदान में यहां पहुंचे पर्यटक भी सहभागी बने। श्रमदान की शुरूआत बावली के पानी में फेंकी गई पानी की बॉटल, नमकीन के पाउच सहित अन्य कचरें को निकालने से शुरू की। इसके बाद बावली के अंदर और बाहर परिसर में ऊगी झाडिय़ों और घास की सफाई भी की गई। कुछ घंटे के श्रमदान के बाद ही बावली का स्वरूप बदला नजर आया। बड़ी मात्रा में संग्रहित कचरे और प्लास्टिक को पंचायत के सफाई वाहन से बाहर करवाया गया।



कार्यक्रम के दौरान संगोष्ठी भी की गई। इस दौरा युवा मोटीवेटर अजय ठाकुर ने जिले की धरोहरों के संरक्षण की बात कही। वहीं टूरिज्म प्रबंधक एमके यादव ने हमारी धरोहरों को सहेजने सामुहिक प्रयास किए जाने की बात कही। उमेश सोनेकर, शीला पटले ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी व कचरे न हो यह पंचायत, प्रशासन की नहीं बल्कि सभी नैतिक जिम्मेदारी है। हमारी धरोहरों को सहेजने हमें ही आगे आना होगा, तभी इनका सही रूप से संरक्षण हो पाएगा। जन अभियान के सेक्टर प्रभारी विजय सूर्यवंशी सभी पर्यटन व पुरातत्व प्रेमियों से इस तरह के कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत संकल्प मप्र टूरिज्म बोर्ड के महिला सुरक्षित पर्यटन और मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई गई। सभी ने निर्भिक होकर निष्पक्ष मतदान करने और हमारी धरोहरों को सहेजने व श्रमदान जैसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़ हिस्सा लेने का संकल्प लिया। संपूर्ण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डीएटीसीसी से एमके यादव, युवा मोटीवेटर अजय सिंह बैस, जन अभियान परिषद से विजय सूर्यवंशी परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के छात्र, शीला पटले, रीना शरणागत, ज्योति राणा, विनय चौधरी, पुष्पा, लक्ष्मीचंद चौधरी, आरती साठे, पुष्पेश्वर पिछोड़े, पन्नालाल सोनी, उमेश सोनकर सहित पंचायत कर्मचारी और पर्यटकों का सहयोग रहा।

## बालाघाट में हुई नृत्य नाटिका प्रतियोगिता, महिलाओं ने दी धर्म आधारित नृत्य प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार रात को श्री सुशील बहु मंडल के तत्वाधान में प्रभु महावीर के जीवन के अनोखे अंदाज पर आधारित नृत्य नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

जिसमें बतौर अतिथि नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, उषा वैद्य, किरण वैद्य, किरणबाई कोठारी, आराधना जैन, मंजू सेठिया, राजीमति कांकरिया, सम्यक जैन सहित अन्य अतिथि और कार्यक्रम आयोजक श्री सुशील बहु मंडल अध्यक्ष डॉ. रैनी पगारिया, उपाध्यक्ष रजनी चौरड़ियि, कोषाध्यक्ष वाणी कोचर, सचिव मानसी मोदी, सहसचिव मोना पगारिया उपस्थित थी। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री सुशील बहु मंडल के सदस्यों ने मंगलाचरण के साथ किया। इसके बाद नृत्य नाटिका कार्यक्रम प्रभारी श्वेता नाहटा और रूपल चौरड़ियि के नेतृत्व में धर्म पर आधारित नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में शामिल 6 मंडलो ने निर्धारित थीम पर अपनी प्रस्तुति दी। नृत्य नाटिका में दी गई प्रस्तुतियों को देखकर निर्णायक गोंदिया से पहुंचे पंकज चौरड़ियि, सोनल लूनिया और प्रतिमा कांकरिया ने अपना निर्णय दिया। जिसमें प्रतियोगिता की विजेता टीम च्यवन कल्याणक जैन महिला मंडल को संस्था की ओर से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह दूसरे स्थान पर नामकरण और बधाई श्री जिन कुशल सूरि बहु मंडल, तीसरे स्थान पर मोक्ष कल्याणक श्री चंदनबाला महिला मंडल और श्री अरिहंत बालिका मंडल जन्म कल्याणक को पुरस्कृत किया गया। जबकि समता महिला मंडल और पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। नृत्य नाटिका कार्यक्रम का सफल मंच संचालन निकिता कांकरिया, प्रिया चतुरमोहता, कृति बोथरा, प्रियंका बोथरा, श्रेया बाघरेचा और श्रद्धा कांकरिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागी टीम का रूपल चौरड़ियि ने आभार व्यक्त किया।

